an>

Title : Issue regarding alleged increasing incidents of gang-rape in the country.

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): अध्यक्ष महोदय, मैं आपके ध्यान में लाना चाहता हूं । आप जानते हैं कि हिन्दुस्तान में कठुआ से लेकर उन्नाव तक हर दिन एक के बाद एक सामूहिक बलात्कार की घटनाएं हो रही है, पीड़ितों को आग लगा कर मारने की घटनाएं घटती आ रही हैं । सारे सदन ने इस पर चिंता व्यक्त की है, पीड़ा व्यक्त की है । आज हिन्दुस्तान की हालत यह है कि रोजाना हिन्दुस्तान में 106 बलात्कार होते हैं और दस में से चार इसमें माइनर होते हैं । जो रेप होते हैं, बलात्कार होते हैं, उसमें से चार में से एक को सजा मिलती है । सदन में उन्नाव के बारे में चर्चा हुई है । उन्नाव की पचास फीसदी झुलसी हुई महिला की मौत हो गई है, जब हम उसको देखते हैं तो हम सभी को शर्मिंदा महसूस करना पड़ता है । हमें दुख लगता है कि हिन्दुस्तान के प्रधान मंत्री जो हर समय मुखर रहते हैं लेकिन उनका एक बयान नहीं आया है । हिन्दुस्तान मेक इन इंडिया की जगह धीरे-धीरे ... * की ओर बढ़ रहे हैं । ...(व्यवधान) हम मेक इन इंडिया की तरह हिन्दुस्तान को ...* कहने को मजबूर हो रहे हैं । ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: श्री नरेन्द्र कुमार ।

श्री विजय बघेल ।